Reg no:-UDYAM/JH190015501

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email :- samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com शनिवार 26/10/2024

# सिरू के पार टांड़ में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान





रिपोर्ट सज्जाद आरिफ

दुलमी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सिरू गांव स्थित पार टांड़ में शनिवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सा केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पिछले चुनाव में इस गांव से सर्वाधिक मत मिले थे। उसी तरह से इस बार भी भारी मतों से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि सिरू पंचायत क्षेत्र में विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा 7 करोड रुपए के लागत से पीसीसी पथ, गाड़वाल, चारदीवारी निर्माण कार्य, विद्यालय निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं को धरातल पर उतर गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले 20 नवंबर को रामगढ़ में विधानसभा चुनाव है। इस चुनाव में ग्रामीणों को निर्भीक होकर केला छाप में अपने मतों का प्रयोग करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आप लोगों ने मध्या वती चुनाव में सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजय बनाया था। इस तरह से इस बार भी विधानसभा चुनाव में अपने मतों का प्रयोग करते हुए भारी मतों से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जिताना है। सुनीता चौधरी आपकी घर की बहू बेटी है और हर सुख दुख में खड़ी रहने वाली प्रत्याशी है। कोई भी समस्या हो आप हमें बताएं चुनाव के बाद एक-एक समस्या का निदान किया जाएगा। वोट मांगने के लिए आपके पास कई तरह के प्रत्याशी आएंगे, जो आपको लोक लुभावना आश्वासन देकर दिग्भ्रमित करने का प्रयास करेंगे। आप लोग एकजुट रहे और अपने मत का प्रयोग सही जगह पर करें। ताकि विकास कार्य को आगे भी गति मिलता रहे। मौके पर महेंद्र महतो, संतोष मुंडा, दिगेश्वर ओहदार, सुमित महतो, अटल कुमार, सुजीत कुमार, अनुज कुमार, नवीन कुमार, पुनीत राम कुमार, चितरंजन कुमार, सुकुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# जेएलकेएम जिला अध्यक्ष पर गाली गलौज व जान से मारने का आरोप




गोला (रामगढ़)। किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो पिता कौलेश्वर राम दांगी चट्टी बाजार रामगढ़ निवासी ने गोला थाना में शुक्रवार शाम को एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ गोला प्रखंड क्षेत्र के चाड़ी कुष्टेगढ़ा का दौरा कर रहा था। इस बीच जेएलकेएम के जिलाध्यक्ष रामगढ़ के कांकेबार निवासी देवानंद कुमार महतो पिता सुरेश महतो का मेरे मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर कहने लगा कि हम डीवीसी चौक गोला आये हुए हैं, तुम जहां कहीं भी हो जल्दी मेरे पास पहुंचों। इसके अलावा भद्दी भद्दी गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि अगर तुम चुनाव लड़ोगे तो जान से मार देंगे। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की छानबीन करते हुए आरोपी पर कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस को कॉल रेकॉर्डिंग भी दिया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## चंद्रशेखर पटवा काँग्रेस पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा, 27 को आजसू का दामन थामेंगे



रजरप्पा । रामगढ़ जिला के वरिष्ठ कोंग्रेसी नेता चंद्रशेखर पटवा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया इस बाबत लिखित में इस्तीफा पत्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष को सौंपा, जिससे कांग्रेस को एक बड़ी झटका लगा,रामगढ़ जिला में श्री पटवा पिछले 5 वर्षो से कांग्रेस पार्टी वरिष्ठ नेता के रूप में जाने जाते थे पार्टी की ओर से उचित मान सम्मान नहीं मिलने के कारण कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया उन्होंने बताया की कांग्रेस पार्टी के क्रिया क्लापो से काफ़ी असंतुस्ट थे, पटवा जी 27 अक्टूबर को दलबल के साथ आजसू पार्टी पुराना घर की वापसी कर अपने समर्थको के साथ आजसू का दामन थामेंगे

# श्री अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने दिया स्मोक फ्री दिवाली मनाने का संदेश

## पोस्टर, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों की प्रतिभा ने मोहा मन

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को स्मोक फ्री दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से वायु और ध्वनि प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण का किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य पर खतरनाक असर पड़ता है। बच्चों के बीच पोस्टर, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने स्मोक फ्री दिवाली के महत्व को दर्शाया। विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया पोस्टर, पेंटिंग और रंगोली ने सबों का मन मोह लिया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हम पहले से ही खराब पर्यावरण से जूझ रहे हैं। जिसका मनुष्य और जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। दिवाली में फोड़े जाने वाले बेतहाशा पटाखों से फैलने वाला जहरीला धुआं और तेज ध्वनि इस स्थिति को और गंभीर बनाएगी। बीमार व्यक्तियों के लिए तो यह स्थिति और खतरनाक हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम सब दिवाली की खुशियां स्मोक फ्री दिवाली के रूप में मनाते हुए अपने पर्यावरण की सुरक्षा में भी सहयोग करें। बच्चों को इको फ्रेंडली पटाखे इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि इको फ्रेंडली पटाखे या ग्रीन पटाखे से पर्यावरण को कम नुकसान होता है। हवा में कम प्रदूषण फैलता है। ये पटाखे छोटे आकार के होते हैं और राख नहीं छोड़ते हैं। इनसे आवाज भी कम आती है।




## राजद के गिरधारी गोप व संतोष यादव के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक बनने पर बधाईयों को लगा तांता

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखण्ड विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रचार को लेकर राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने भदानीनगर कुरसे निवासी गिरधारी गोप राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष और रिभर साईड भुरकुंडा निवासी राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव को पार्टी का राष्ट्रीय स्टार प्रचारक बनाया है। इस बावत भोला यादव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयोग भारत और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में झारखण्ड





में विधानसभा चुनाव प्रचार-प्रसार को ले 40 स्टार प्रचार को की सूची जारी की है। जिसमें भदानीनगर गिरधारी गोप रिभर साईड भुरकुंडा के संतोष सिंह उर्फ संतोष यादव को शामिल किया है। इधर स्टार प्रचारक बनने पर गिरधारी गोप और संतोष यादव ने कहा कि सौंपे गये दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करेंगे। साथ ही सबों को साथ लेकर राजद के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। गिरधारी गोप व संतोष यादव के मनोनयन से पतरातु प्रखंड राजद कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों में हर्ष का माहौल है। बधाई देने वालो में प्रेम साहु, बबन पांडेय, संतोष मिश्रा, जानकी ठाकुर, संजय यादव, वाहीद अंसारी, शौकत खान, अलाउद्दीन मंसूरी, सुभाष तिवारी, दिलीप सिंह आदि शामिल हैं।

## कार्तिक आमावश्या पर काली मंदिर में होती है विशेष पूजा- आराधना,तंत्र विद्या प्राप्ति हेतू की जाती है कामना

# देश भर से पहुंचते है सिद्धि प्राप्ति हेतू साधु-तांत्रिक- साधक पूजा-अर्चना के बाद रात भर होता है भोग का वितरण













रजरप्पा : उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल झारखंड के रामगढ़ जिला के अंतर्गत रजरप्पा मंदिर में मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना की जाती है. यह मंदिर देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल के रूप में जाना जाता है. विशेष कर कार्तिक अमावस्या के दिन इस मंदिर का महत्व बहुत अद्भुत माना जाता है. काली पूजा के दिन यहां रात भर मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना की जाती है. इस दिन यहां तंत्र मंत्र सिद्धि का विशेष महत्व होता है. जिस कारण साल भर में सिर्फ एक दिन रात भर यह मंदिर खुला रहता है. जहां तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्ति को लेकर विभिन्न हवन कुंडों में तांत्रिक, साधक और श्रद्धालु रात भर हवन, पाठ और जपतप कर यज्ञ करते है. जिससे यहां तांत्रिकों, साधक, हज़ारों की संख्या में देश के विभिन्न कोना से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है. मान्यता है कि इस दिन पूजा-अर्चना और हवन करने की कामना की जाती है, सिद्धि प्राप्त कर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है. आमावस्य काली पूजा की रात यहां झारखंड के अलावे बिहार पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश,असम सहित देश भर के विभिन्न राज्यों से पहुंचते है. रजरप्पा में साक्षात विराजमान है शक्तिपीठ देवी मां छिन्नमस्तिके दामोदर-भैरवी संगम स्थल पर शक्तिपीठ देवी मां छिन्नमस्तिके साक्षात विराजमान है. मां छिन्नमस्तिके देवी का जो स्वरूप है, उसमें एक कमल पुष्प पर कामदेव-क्रिया में लीन है. इसके ऊपर मां छिन्नमस्तिके मुंडमाला युक्त खड़ी है. उन्होंने स्वयं के खड्ग से अपना शीश काट लिया हैं उनके एक हाथ में रक्तरंजित खड्ग व दूसरे हाथ में कटा मस्तक, गर्दन से तीन धाराएं में तथा दो धाराएं उनके दोनों ओर खड़ी हुई योगनियों के मुंह में प्रविष्ट हो रही है. इसी स्वरूप के कारण मां छिन्नमस्तिके देवी की नाम से जानी जाती है. दिन जितनी चहल-पहल, रात उतनी ही रहस्यमय काली पूजा की रात तांत्रिक और साधक दामोदर - भैरवी संगम स्थल के किनारे और मंदिर प्रक्षेत्र के एकांतवास में भी तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्त करते है. मंदिर प्रक्षेत्र में दिन में जितनी चहल-पहल रहती है. रात उतनी है रहस्यमय होती है. दिन में कई अनजाने चेहरे नजर आते है, तो रात्रि में घने जंगलों के बीच उठती आग की लपटें और धुआं जंगलों और कलकल करती नदियों के बीच से आती अनसुनी आवाजें सुन कर लोगों की रोंगटे खड़े हो जाते है. दस महाविद्या में मां काली का है पहला स्थान रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी असीम पंडा ने बताया कि दस महाविद्या में मां काली का पहला स्थान और मां छिन्नमस्तिके देवी का चौथा स्थान है. जिस कारण कार्तिक अमावस्या पर तंत्र मंत्र की देवी महामाया मां काली की पूजा का विशेष महत्व है. इस दिन पूजा-अर्चना करने से भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है. तंत्र सिद्धि प्राप्ति के लिए सुप्रसिद्ध जगह है रजरप्पा मंदिर वरिष्ठ पुजारी अजय पंडा ने कहा कि असम के कामाख्या मंदिर के बाद रजरप्पा मंदिर तंत्र साधना के लिए सबसे उपयुक्त मंदिर है. इस दिन निशा रात्रि में पूजा का महत्व काफी बढ़ जाता है. मां छिन्नमस्तिके और मां काली की पूजा-अर्चना करने से लोगों को सुख, शांति और सौभाग्य की प्राप्ति होती है. मंदिर न्यास समिति के सचिव शुभाशीष पंडा ने बताया कि काली पूजा को लेकर मंदिर का रंग-रोगन शुरु कर दिया गया है. मंदिर को फूलों और रंग विरंगी आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है . काली पूजा के दिन अहले सुबह से लेकर रात भर मां की पूजा-अर्चना की जायेगी. पुजारी रितेश पंडा ने बताया कि काली पूजा में रजरप्पा मंदिर का वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

# लायंस क्लब भुरकुंडा ने माता शीतला देवी मंदिर सयाल मोड़ में भंडारा का किया आयोजन

# फूड फॉर हंगर के तहत 410 लोगों को कराया भोजन, पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प




भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 410 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर जेएसपी पतरातू सीएसआर की ओर आए हुए अतिथियों ने कहा की लायंस क्लब द्वारा चलाया जा रहा यह कार्यक्रम काफी सराहनीय पहल है। जेएसपीएल कंपनी द्वारा भी गरीबों की सेवा के लिए बहुत तरह के निःशुल्क कार्यक्रम किये जाते हैं। जरूरत पड़ी तो हमलोग भी ऐसे नेक कार्यों में बढ़-चढ़कर मदद करेंगे। मौके पर जिंदल कंपनी से आए हुए अतिथियों ने शीतला माता मंदिर प्रांगण में बेल का पौधा लगाकर इसके संरक्षण का आहवान किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी सहित क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद थें।

# ओपी जिंदल स्कूल में अभिभावक शिक्षक मुक्त संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## रंग-बिरंगे कार्ड्स, दीया डेकोरेशन व रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में शामिल बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन





**भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में शनिवार को अभिभावकों और शिक्षकों के मध्य संवाद और सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष 'अभिभावक शिक्षक मुक्त संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिंदल महिला क्लब की अध्यक्ष गुरदीप कौर का पुष्प गुच्छ और स्वागत गीत से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा से जुड़ी चिंताओं, समस्याओं और सुझावों को खुलकर साझा करने का अवसर मिला। कहा गया कि यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अभिभावकों की भूमिका को मजबूत करने में अहम भूमिका निभायेगी। विद्यालय के छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय की चुनौतियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर एक विशेष प्रस्तुति दी। जिससे अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था की समझ मिली। मौके पर मुख्य अतिथि गुरदीप कौर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर जोर देते हुए विद्यालय द्वारा इस संवाद मंच के आयोजन की सराहना की। विद्यालय की उप-प्राचार्या ने राष्ट्रीय शिक्षा** नीति 2020 (एनईवी 2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास और नैतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन **किया। नर्सरी से** को सभी ने खूब सराहा। कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने अंतर्सदनीय दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने अंतर्सदनीय रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में कृत्रिम रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों के साथ-साथ सामान्य गृहोपयोगी वस्तुओं का उपयोग करते हुए अत्यंत सुंदर चित्र-रचनाओं का निर्माण किया। जिसकी खूब प्रशंसा हुई। मौके पर प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद का एक सेतु बनते हैं। जो बच्चों की शिक्षा और विकास में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। प्राचार्य ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि उनकी चिंताओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक नई परंपरा की शुरुआत बताते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व पहल बताया। मौके पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।ने बताया कि श्रमिक क्रीड़ा मैदान में कचड़ो का अंबार लगा हुआ है. दुर्गा पूजा के बाद से नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा सफाई नहीं किया गया है. इसे लेकर कई बार ध्यान आकर्षित करवाया गया है. लेकिन केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है. अकादमी के युवा युवाओं के द्वारा घांस काटने का भी प्रयास किया जा रहा है. लेकिन इसमें काफी असुविधा हो रही है. यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे क्षेत्र के युवाओं एंव लोगों को मैदान में घूमने में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# इस बार रोशन लाल चौधरी की जीत तय है : अनुप ठाकुर

## एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन रैली में शामिल हुए भदानीनगर से सैंकड़ों लोग



भुरकुंडा (रामगढ़)।एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन रैली में शुक्रवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित भदानीनगर, बासल सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में एनडीए समर्थक चार पहिया व दो पहिया वाहनो से रामगढ़ के लिए रवाना हुए। रैली में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल मोटर साईकिल पर सवार होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थें। वहीं मतकमा चौक से सांसद मनीष जयसवाल के नेतृत्व में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित भाजपा व आजसू के हजारो कार्यकर्ता आपका विधायक कैसा हो रोशन लाल जैसा हो का नारा लगाते हुए अपने प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन के लिए रवाना हुए। इधर भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में भी दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता नामांकन रैली में शामिल कार्यकर्ताओं सहित विधानसभा की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि इस बार रोशन लाल चौधरी की जीत तय है। रवाना होने वालो में कुमार ठाकुर, राजेश प्रधान, कृष्णानंद प्रसाद, रविंद्र कुमार, गणेश राम, शंकर सिंह, छोटू करमाली, अनुप, धर्मेंद्र यादव, हर्ष कुमार, बबलू करमाली, अक्कू हाजरा, छोटू करमाली सहित कई दर्जनों लोग शामिल थें।

# बासल पुलिस ने अवैध मुहआ शराब के खिलाफ चलाया अभियान, जावा महुआ किया जब्त

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ एसपी के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर बासल थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर पुलिस ने शनिवार को भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने बासल थाना क्षेत्र के ग्राम जराद के बहरा टुंगरी पहाड़ पर करीब 500 किलो तथा जतरू उरांव के घर से 200 किलो अवैध जावा महुआ जप्त किया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



# अटल विचार मंच से प्रत्याशी जगतार सिंह ने कराया नामांकन, जगह-जगह हुआ स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। बडकांगांव विधानसभा से अटल विचार मंच के प्रत्याशी जगतार सिंह ने शुक्रवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया है। जगतार सिंह गाजे-बाजे के साथ अपने दर्जनों कार्यकताओं को लेकर भुरकुंडा से पैदल मार्च करते हुए मतकमा चौक पहुंचे। इसके बाद यहां से रामगढ़ के लिए रवाना हुए। इस दौरान लपंगा, घुटवा सहित कई जगहों पर कार्यकताओं ने अपने प्रत्याशी जगतार सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। रवानगी से पूर्व जगतार सिंह ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि बडकागांव विधानसभा की जनता विकास की किरण से कोसो दूर है। यहां की जनता एक ही चेहरा को देख-देखकर उब चुकी है। इस बार निश्चित रूप से बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि बडकांगांव विधानसभा की जनता के विकास के लिए मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। श्री सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि यहां की जनता मुझे अपना आशीर्वाद व प्यार देकर चुनाव में जीत दिलायेगी। नामांकन में जगतार सिंह के साथ प्रकाश मिश्रा, देवेंद्र सिंह, सुमन सिंह, रकीब अंसारी, पुष्पा तिर्की, संतन सिंह, जितेंद्र सिंह, रूपेश सिंह, जसवीर सिंह, अंकित सिंह, छोटू सिंह, हरविन्दर सिंह, राजू सिंह, रोडा सिंह, मुकेश कुमार, उमेश राम, परमजीत कौर, राज कौर, तनुजा कौर, राजवीर सरदार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थें।

## डाडी प्रखंड के स्वीप कोषांग द्वारा बीडीओ के नेतृत्व में सभी कर्मी ने निकाली बाईक रैली

# किया मतदाताओं को अपने घर से निकलकर भारी संख्या में निर्भीक होकर मतदान करने की अपील










गिद्दी।डाड़ी प्रखण्ड के स्वीप कोषांग के द्वारा आज दिनांक 26 Oct को प्रखण्ड से एक बाईक रैली निकाली गई। यह बाइक रैली मुख्यतः गिद्दी सी और ड़ाड़ी के क्षेत्रों में निकाली गई । जहां पिछले कई चुनावों में कम मतदान क्षेत्र बूथ संख्या 106 , 110 , 112 , 113 ,114 आदि जगहों पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डाड़ी केकेवर्मा के नेतृत्व में प्रखण्ड के सभी कर्मी देवेंद्र कुमार सहित पंचायत सचिव , बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। और घरों से निकलकर भारी संख्या में अपने मत के अधिकार को समझते हुए मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मत का इस्तेमाल निर्भीक होकर करने की बात कही।साथ ही ईएलसी/स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोंगी में पेंटिंग प्रतियोगिता,झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय डाडी में छात्राओं के द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों को मेहंदी पेंटिंग और रंगोली बनाकर जागरूक किया गया। जबकि किसान मजदूर उच्च विद्यालय बलसगरा के छात्रों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न हाई स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को पहुंचने का आह्वान किया गया।

## मांडू विधानसभा के कोयलांचल गिद्दी 'ए' में जरूरतमंद गरीब महिलाओं की जुबानी विकास की कहानी

# गर्ल स्कूल पंचायत गिद्दी 'ए' ख के झोपड़ी बस्ती में रहने वाली महिलाओं को वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड मईया योजना समेत कई समस्याओं से पढ़ रहा है जूझना बताया दर्द





रिपोर्ट एस कुमार

सिरका। राज्य में विधानसभा की चुनावी बिगुल बज चुंकी है. नामांकन के बाद पार्टीयो व निर्दलीय प्रत्याशी जनमानस से आशीर्वाद लेने के लिए मैदान में उतर पड़ेंगे. लेकिन मांडू के प्रखंड डाड़ी पंचायत गिद्दी 'ए' गर्ल स्कूल के पीछे झोपड़ी में रहने वाली महिलाओं के विकास की कहानी उनके जुबान सामने आ रही हैं. यहां की महिलाओ से समाजसेवी सूरज सिंह ने मुलाकात कर हांलात को जाना. ग्रामीण महिला सरस्वती देवी, कुंती देवी, क्रांति देवी, पिंकी देवी, पूनम देवी समेत अन्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं और दर्द को बताया. उन्होंने बताया कि अभी तक हमें वृद्धा पेंशन नहीं मिल पाया है. यदि किन्हीं को मिला भी है तो पैसे सही से भुगतान नहीं हो पा रहे हैं, राशन कार्ड में भी नाम चढ़ व बन नहीं पा रहा है, मईया योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है, विकास के कार्य अधूरे हैं. इसके लिए कई प्रतिनिधियों, नेताओं, कर्मचारी के भी चक्कर लगाकर थक गए हैं, केवल आश्वासन ही मिल पा रहा है, हमें दर-दर भटकना पड़ रहा है, इससे हम लोगों को मिलने वाले अधिकार से भी वंचित होना पड़ रहा है, हमारे जीवन में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, आखिर हमें लाभ देने वाला कौन होगा, कौन हमारी समस्याओं पर ध्यान देगा, जिन्हें हम अपना प्रतिनिधि चुनकर बनाएंगे।

## मानवता सेवा की प्रेरणा देती है दीपावली : अवधेश सिंह

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### बच्चों ने मोमबत्ती व दीये से स्कूल को सजाया, आकर्षक रंगोली और कार्ड्स बनाकर मोहा मन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल द्वारा आने वाले पर्व दिपावली के अवसर पर शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगोली से दीप बनाकर इसे रंग-बिरंगे आकर्षक कलाकृति की गई। इस पल को यादगार बनाने के लिए स्कूल की ओर से दीवाली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने हाथों से दिवाली कार्ड बनाया। साथ ही रंग-बिरंगे रंगों से दीपो को रंगकर उसे और खूबसूरत बना दिया। बच्चों ने मिलकर पूरे स्कूल को मोमबत्ती, दीपक और रंगोली से सजाया। इस अवसर पर कक्षाओं में कई तरह के एक्टिविटी कराई गई। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक अवधेश कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने भगवान गणेश व माता लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना कर की। संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने बच्चों को दीपावली पर्व के बारे में जानकारी देते हुए इसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने इस पर्व को सुरक्षित तरीके से मनाने की सलाह देते हुए बच्चों को पर्यावरण बचाने और दिवाली पर तेज आतिशबाजी नहीं कर सुखद और स्वच्छ दिवाली मनाने की शपथ दिलाई। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने दीपोत्सव का महत्व बताते हुए अंधेरे पर प्रकाश की जीत की कहानी सुनाई। उन्होंने सबों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली पर्व मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है। दीपावली में हमसबों को जरूरतमंदों की समृद्धि के लिए उम्मीदों का दीपक बनने का संकल्प लेना चाहिए।

# अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी की सयाल में हुई बैठक

## बड़कागांव विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को जिताने का हुआ आह्वान



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी की बैठक शनिवार को सयाल स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, और क्षेत्रीय सचिव संचालन संजय मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थे। बैठक में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए रोशन लाल चौधरी को जीत दिलाने का आह्वान किया गया। मौके पर केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यूनियन कार्यकर्ता को तन-मन से क्षेत्र में भ्रमण कर रोशन लाल चौधरी को विजयी बनाने के लिए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने बड़कागांव विधानसभा में परिवर्तन का मुडा बना लिया है। चुनाव में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर रोशन लाल चौधरी को भारी मतों से जिताना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि सभी लोग अपने-अपने ब्रांच कमेटी की बैठक कर रोशन लाल चौधरी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर आगामी 2 नवंबर को भुरकुंडा, सौंदा डी, आरडब्लूएस ब्रांच कमेटी संयुक्त रूप से बैठक करेगी। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय सचिव विकास कांत सिन्हा, सयाल सचिव विनोद कुमार, उरीमारी सचिव विनोद सिंह, क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य कमलेश कुमार, सौंदा डी सचिव राधिका सिंह, रोबिन मुखर्जी, संजय तुरी, गोकुल प्रसाद, मंगलेश कुमार, इज्जाद अली, रंजीत मिश्रा, देव कुमार बेदिया, हरिशंकर झा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामश्रृष्ठ, केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, सनी कुमार आदि मौजूद थें।

# ब्लड बैंक रामगढ़ में रक्तदान शिविर 28 को : बैजनाथ कुमार



भुरकुंडा (रामगढ़)। जय सदगुरुदेव विहंगम योग संस्थान के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सद्‌गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवल श्री विज्ञान देव जी महाराज के जन्मदिन पर 28 अक्टूबर सोमवार को ब्लड बैंक रामगढ़ में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी बैजनाथ कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में विहंगम योग संत समाज रामगढ़ के अनुयाई एवं अनेकों समाजसेवी रक्तदान करेंगे। उन्होंने रक्तदान महादान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि रक्तदान मानव के लिए सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने रामगढ़ जिलावासियों से शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान के इस पुनीत कार्य की तैयारियों में भुरकुंडा के बैजनाथ कुमार, उमाशंकर कुशवाहा, राजेश कुमार, किरण तिवारी, रुकमणी देवी, विकास कुमार, रंजय सिंह, भोला अग्रवाल सहित दर्जनों श्रद्धालु जुटे हैं।